आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 अगस्त 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर और मेरठ में किया विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास। सहारनपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ की विशेष समीक्षा बैठक।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के संचालन को लेकर की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक। अधिकारियों को परिषदीय विद्यालयों की भौतिक स्थिति की समीक्षा के दिये निर्देश।
- लगातार बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की अधिकांश नदियां उफान पर। बाढ़ प्रभावित सत्रह जिलों में राहत और बचाव कार्य तेज।
- प्रदेश के तेरह जिलों के लिए आज से अयोध्या में शुरू हो रही है अग्निवीर सेना भर्ती रैली।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सहारनपुर में तीन सौ इक्यासी करोड़ रुपये की पंद्रह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में चल रही विभिन्न परियोजनाएं सहारनपुर को अलग पहचान दिला रही हैं।

***डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कारण सहारनपुर की निराशा समाप्त हुई। सहारनपुर के साथ दोनों सरकारें पूरी मजबूती के साथ खड़ी हुई है। अब यहां पर चल रही परियोजनाएं सहारनपुर को एक पहचान दिलाती है। सहारनपुर को उसकी विरासत से जोड़ा गया है।***

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर मण्डल के तीन जिलों–मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और शामली के जनप्रतिनिधियों के साथ एक विशेष समीक्षा बैठक भी की।

मुख्यमंत्री ने कल ही मेरठ जिले में इंटीग्रेटेड टाउनशिप का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत छह सौ पचहत्तर उद्यमियों को उन्तीस करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये।

इस दौरान आठ सौ इक्यासी स्वयं सहायता समूहों को चौसठ करोड़ रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पहलों से मेरठ में आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को नई गति मिली है।

***रैपिड रेल के साथ देश की पहली रैपिड रेल है और रैपिड रेल को हम मेट्रो के साथ भी मेरठ के अंदर जोड़ने जा रहे हैं। प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेजर ध्यानचंद के नाम पर इसी मेरठ में स्थापित हो रही है। अब सोतीगंज बीते दिनों की बात हुई। अब तो मेरठ की पहचान बन रही है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट में स्पोर्ट्स आइटम के लिए।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की भौतिक स्थिति की व्यापक और गहन समीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। कल हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश का कोई भी विद्यालय जर्जर भवन, गंदगी या बुनियादी सुविधाओं की कमी से प्रभावित नही होना चाहिए। जहां भी ऐसी स्थिति हो वहां तत्काल प्रभाव से सुधार के कार्य शुरू हो जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों के भवन पूर्ण रूप से जर्जर हो चुकें हैं, वहां के बच्चों को अस्थायी स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाए और जीर्णोद्धार का कार्य तत्काल शुरू कर दिया जाए।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल, परीक्षा पे चर्चा को एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यह मान्यता माई जीओवी प्लेटफॉर्म पर कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान तीन करोड़ तिरपन लाख पंजीकरणों के साथ हासिल की गई उपलब्धि का प्रमाण है। परीक्षा पे चर्चा प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप अनूठा मंच है। इसमें प्रधानमंत्री, छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधे संवाद करते हैं।

**********

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पांच नये न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद केंद्रीय कानून मंत्रालय ने कल नियुक्ति से जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी। जिला जज रहे एचजेएस संवर्ग के जिन न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाया गया है, उनमें प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अब्दुल शाहिद, संतोष राय, तेज प्रताप तिवारी और जफीर अहमद शामिल हैं।

**********

प्रदेश के अधिकांश हिस्से में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। बीते चार दिन से आसमान में घने बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी है। वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां अभी भी बनी हुयी हैं। श्री दानिश के अनुसार आज कई जिलों में भारी वर्षा हो सकती है।

***पिछले चौबीस घंटे में कई जगहों में काफी भारी वर्षा हुई जिसमें स्पेशली उत्तर प्रदेश का जो तराई बेल्ट है, बदायूं, मुरादाबाद हुआ। इधर लखनऊ है रायबरेली में भारी वर्षा हुई और कहीं न कहीं अगर हम आने वाले दिनों की बात करें तो प्रदेश में रेड अलर्ट है और आज हमारा जो उत्तर प्रदेश का जो नेपाल से हुए जिले हैं वहां पर भारी वर्षा की संभावना बनी रहेगी और कहीं न कहीं कल से फिर धीरे–धीरे इसमें कमी देखने को मिल सकती है।***

उधर, प्रदेश के अधिकांश जनपदों में लगातार बारिश होने और विभिन्न बैराजों से पानी छोड़े जान के कारण कई नदियां उफान पर है। बुन्देलखंड और कानपुर मंडल के जिलों में यमुना, चम्बल, बेतवा और केन नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

वहीं कानपुर बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण वाराणसी, बलिया, मिर्जापुर, चंदौली और गाजीपुर में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से शहर के कई इलाके पानी में डूब गये हैं। एक रिपोर्ट–

***वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है केंद्रीय जल आयोग के अनुसार 71.56 मीटर तक पहुंच गया। वाराणसी के सभी 84 घाट जलमग्न हो चुके हैं। अस्सी, सामनेघाट, मारुति नगर समेत कई इलाकों में गंगा और वरुणा नदी का पानी सड़कों तक पहुंच गया है। ढाब क्षेत्र के कई गांवों, जैसे छितौनी, चांदपुर, मुस्तफाबाद, बभनपुरा और अंबा में बाढ़ का पानी पहुंच चुका है, जिससे फसलें जलमग्न हो गई हैं। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

प्रयागराज में गंगा–यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। सोनभद्र में बकहर नदी का पूल डूबने से कांवड यात्रा का मार्ग बदला गया है। उन्नाव में गंगा नदी के किनारे बसे गांवों और मुहल्लों में पानी भर गया है।

राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार प्रदेश के सत्रह जिलों की चालीस तहसीलें और छः सौ चौरानबे गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ की 14, एसडीआरएफ की 15 और पीएसी की 15 टीमें तैनात की गई है। प्रभावित क्षेत्रों में नावों और मोटर बोट की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्यारह मंत्रियों की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यो का निरीक्षण कर रही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी जिलों में बाढ़ की स्थिति पर नजर रख रही है।

***सरकार ने राहत कैंप में जितने लोग हैं उनके खाने की, उनके रहने की, उनकी दवाओं की, उनकी अन्य जरूरतों की तत्काल व्यवस्था ठीक ढंग से करें। इसका निर्देश दिया गया है और जो बाढ़ पीड़ित हैं वो आश्वस्त करना चाहते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी हर समस्या को सरकार देख रही है और जिनका कोई नुकसान होगा। बाढ़ खत्म होने के बाद उसका भी आकलन किया जाएगा और उसकी छतिपूर्ति भी किया जाएगा।***

**********

सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के तहत तेरह जिलों के लिये अग्निवीर सेना भर्ती रैली आज से शुरू हो रही है। यह अठारह अगस्त तक अयोध्या कैंट स्थित डोगरा रेजीमेंटल ग्राउंड पर चलेगी। इस रैली में बीते तीस जून से दस जुलाई तक आयोजित ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी भाग लेंगे। यह भर्ती अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क, टेक्निकल और ट्रेड्स मैन के रिक्त पदों के लिये की जा रही है। इसके साथ ही सिपाही नर्सिंग असिस्टैंट और सिपाही फार्मा श्रेणियों के लिये भी भर्ती की जायेगी।

**********

रक्षा मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के हमलावरों की पहचान और पृष्ठभूमि के बारे में कोई भी रिपोर्ट जारी करने जैसी अफवाहों का खंडन किया है। मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सशस्त्र बलों के जनसंपर्क कार्यालय या किसी अधिकृत प्रवक्ता द्वारा इस प्रकार की कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

**********